तापमान
अधिकतम 23.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

# हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार 24 जनवरी 2024

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

13 सर्व आदिवासी समाज के आहवान पर जिले की...



13 अयोध्या में प्रभु श्रीराम के विराजमान होने पर पांच...



## खबर संक्षेप

### कैंप परीक्षा में 217 छात्र-छात्राएं हुए सम्मिलित



**दुर्गुकोंदल।** संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय दुर्गुकोंदल में कैंप परीक्षा के अंतर्गत कक्षा छठवीं से नवमीं तक के कुल 217 छात्र-छात्राएं इस परीक्षा में सम्मिलित हुए। ओएमआर उत्तर पुस्तिका प्रश्न पत्रों को ऑप्शन के अंतर्गत जेके प्रश्न, सामान्य ज्ञान, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के स्थानीय प्रश्न जिसमें तर्क शक्ति सभी विषय पर आधारित प्रश्न पूछे गए थे। इस अवसर पर परीक्षा केंद्र प्रभारी प्राचार्य बैजनाथ नरेटी उपस्थित रहे। यह परीक्षा साहित्य कला विद्यालय के द्वारा कैंप परीक्षा का आयोजन किया गया।

### शराब के नशे में हंगामा करने वाला युवक गिरफ्तार



**कांकेर।** कोतवाली थानांतर्गत पुराना बस स्टैण्ड के पास 22 जनवरी को शाम करीबन 6 बजे आरोपी कोदाभाठ निवासी 34 वर्षीय महेश नाग पिता ग्वालू राम नाग शराब के नशे में हंगामा कर रहा था, जिसे पुलिस ने पकड़ा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी थाना के सामने पुराना बस स्टैण्ड के पास सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर नशे में हंगामा कर रहा था, जिससे आम लोगों को परेशानी हो रही थी। मौके पर पहुंचकर आरोपी को पकड़ा गया व मुलायजा करवाया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### 5 गांवों में आज विकसित भारत संकल्प यात्रा

**कांकेर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 24 जनवरी को जिले के 5 गांवों में शिविर का आयोजन होगा। शिविर में आईईसी वैन के माध्यम से ग्रामवासियों को केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। साथ ही मेरी कहानी मेरी जुबानी के जरिए विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी अपने अनुभव भी साझा करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 24 जनवरी को जिले के चारामा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत कुरूटोला, कांकेर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मरकाटोला और धनेलीकन्हार तथा कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत इरपानार और कुरेनार में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर आयोजित किए जाएंगे।

असीम हत्याकांड : गोली मारने वालों को डेढ़ लाख और बाइक चलाने वाले को मिलना था एक लाख

# गोपी दो दिन गोली मारने में असफल रहा, विकास ने सिर में मारी थी गोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

असीम हत्याकांड में एक यह भी बात सामने आई है कि गोपीदास पिता स्व. गंगाधर दास ने विकास तालुकदार से कहा कि तुम बाइक चलाओ, मैं गोली मारूंगा। 4 और 5 जनवरी को प्रयास किया, गोपीदास गोली मारने में असफल रहा। वहीं उसके बाद विकास ने कहा कि तुम बाइक चलाओं, मैं गोली मारूंगा। अंततः 7 जनवरी को विकास को मौका मिला और इस जघन्य घटना को अंजाम दे दिया। गोली मारने वाले को डेढ़ लाख और बाइक चलाने वाले को एक लाख देने का कमिटमेंट नीलरतन ने किया था। यह भी बात सामने आई है कि नीलरतन ने गोपी को हत्या करने के पहले 45 हजार रुपए, विकास को 9 हजार और जयंत को 70 हजार रुपए देने की चर्चा है।

- सात लाख देने वाले पार्षद को लाज टूटने का था डर, अंतत: ढहा दिया गया लॉंज

असीम हत्याकांड को लेकर जो बातें सामने आ रही है, उनकी मानें तो यह षडयंत्र चुनाव परिणाम आने के बाद से शुरू हो गया था। उसका सबसे बड़ा कारण यह था कि भाजपा की सरकार बनते ही ग्राम पंचायत चांदीपुर के पंचायत कार्य और तालाब में मछली मारने पर रोक लगा दिया था। इससे गुस्साएं ग्राम पंचायत चांदीपुर के उपसरपंच जितेंद्र बैरागी और पंच सुरजीत बाला ने यह माना कि इसमें भाजपा के जिला उपाध्यक्ष का हाथ होगा और उसको रास्ते से हटाने की योजना बनाने लगे। उपसरपंच व पंच ने भाजपा जिला उपाध्यक्ष से पुरानी रंजिश रखने वाले चांदीपुर निवासी रीपन सदियाल को रास्ते से हटाने के लिए बोला, उसने कहा कि मेरे से नहीं होगा, दूसरे को ढूढ़ते है। इस खेल में चाँदीपुर के सुमीत मांझी और तपन मंडल भी जुड़ गए, क्योंकि भाजपा के जिला उपाध्यक्ष ने भाजपा ⏭ शेष पेज 12 पर



सियासत : असीम की हत्या के बाद बदला समीकरण, पखांजूर में था आक्रोश का माहौल

नपं अध्यक्ष की कुर्सी गई, भाजपा- कांग्रेस के 11 पार्षदों ने किया खिलाफ में मतदान

वोटिंग के बाद असीम राय की फोटो लेकर जताई खुशी

हत्या के बाद बिगड़ा माहौल



कांग्रेस नेता नगर पंचायत अध्यक्ष और पार्षद सहित 11 आरोपी गिरफ्तार

कांग्रेस नेताओं ने रची थी साजिश, भाजपा नेता की हत्या के लिए दी थी सात लाख की सुपारी

### अध्यक्ष को अविश्वास प्रस्ताव का था डर



पिस्टल सप्लायर से दो पिस्टल, दो मैगजीन और 30 राउंड मिली गोली

असीम हत्याकांड : शूटर विकास और पिस्टल का सप्लायर सोनू गिरफ्तार

हत्या के खुलासे होने के बाद चर्चा है कि नगर पंचायत अध्यक्ष बप्पा गांगुली के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था, उनको इस बात का डर था कि अविश्वास प्रस्ताव आ जाने से पूरी व्यवस्था चरमरा जाएगी, इसी के चलते नगर पंचायत अध्यक्ष भी इस हत्या के षडयंत्र में शामिल हो गए। हत्या के बाद अविश्वास प्रस्ताव लाया गया और अध्यक्ष पद से बप्पा गांगुली हटाए गए।

### 3 को की रैकी और 4, 5, 6 को भी मारने का किया था प्रयास

हत्या के खुलासे होने के बाद चर्चा है कि उपसरपंच जितेंद्र बैरागी, पंच सुरजीत, रीपन, सुमित मांझी, तपन मंडल, सोमेंद्र, नीलरतन, जयंत विश्वास लगातार 3 जनवरी से रैकी कर रहे थे। 4, 5 और 6 को भाजपा के जिला उपाध्यक्ष को गोली मारने का प्रयास किया गया है, परंतु सही जगह, अकेले और सही समय गोली मारने का मौका नहीं मिला। यह पूरी टीम 7 जनवरी को फिर से लगी और इस दिन भाजपा के जिला उपाध्यक्ष असीम राय अपने कांप्लेक्स की दुकान को बंद करके अकेले निकला। सोमेंद्र और नीलरतन पीछे थे, इन्होने खबर किया। गोपी दास बाइक चला रहा था और पीछे विकास तालुकदार बैठा था। असीम के बाजू से पहुँचे और सिर के पीछे पिस्टल टिकाकर गोली मारकर डोटामेटा की ओर भाग गए।

### सरकार बदलने के बाद पार्षद परेशान व डरा हुआ था



हत्या के आरोपियों का खुलासा होते ही थाने के बाहर भीड़ ने कहा- फांसी दो!

हत्या के खुलासे होने के बाद चर्चा है कि भाजपा की सरकार आते ही भाजपा से कांग्रेस का दामन थामने वाले पार्षद विकासपाल परेशान था, क्योकि सरकार बनते ही उसकी पत्नी स्वास्थ्य विभाग में संलग्न होकर पखांजुर में सेवाएं दे रही थी, उसके संलग्नीकरण को खत्म करके दुर्गुकोंदल भेज दिया गया था। सरकारी मकान को भी खाली करने का नोटिस दिया जा चुका था। इसके अलावा उसे डर था कि लॉंज को तोड़ दिया जाएगा। इसी के चलते पार्षद इस हत्या के षडयंत्र में शामिल हो गए। अंततः हत्या हो जाने के बाद पार्षद के लॉंज को 22 जनवरी को ढहा दिया गया।

# जिले के 1.87 लाख राशन कार्ड का होगा नवीनीकरण आज से शुरू होगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

राशन कार्ड का नवीनीकरण करने का प्रत्येक 5 साल में प्रावधान है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ सरकार ने कांकेर जिले के 1 लाख 87 हजार राशन कार्ड के नवीनीकरण करने की घोषणा कर दिया है। राशन कार्ड नवीनीकरण का कार्य 25 जनवरी से प्रारंभ होगा और 15 फरवरी तक आवेदन किया जा सकेगा। इसके बाद आवेदन करने वालों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा।

- 25 जनवरी से 15 फरवरी तक किया जा सकेगा आवेदन

जिला खाद्य अधिकारी का कहना है कि जिले में प्रचलित समस्त राशनकार्डों यथा अंत्योदय राशनकार्ड, प्राथमिकता राशनकार्ड, निराश्रित राशनकार्ड, निःशक्तजन राशनकार्ड तथा सामान्य राशनकार्ड के नवीनीकरण के लिए विभाग ने निर्देश जारी किया है जिसके तहत राशनकार्डो के नवीनीकरण की कार्यवाही 29 फरवरी तक पूर्ण किया जाना है। राशनकार्ड में शामिल मुखिया अथवा परिवार के किसी भी सदस्य के ई-केवायसी का कार्य पूर्ण होने की स्थिति में आवेदक एप्प में प्रदर्शित नवीनीकरण के लिए आवेदन के बटन को क्लिक कर आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा। उचित मूल्य दुकान संचालकों को खाद्य विभाग के मोबाइल एप्प को अपने टेबलेट या एंड्रॉयड फोन में डाउनलोड कर अपनी दुकान की आईडी को पंजीकृत करना होगा, जिसके उपरांत दुकान से संलग्न सभी राशन कार्डधारियों तथा इसमें शामिल सदस्यों की जानकारी नवीनकरण ⏭ शेष पेज 12 पर




### दो तरह से किया जा सकता है आवेदन

हितग्राही द्वारा आवेदन खाद्य विभाग के एप्प के जरिए वर्तमान राशनकार्ड में उपलब्ध क्यूआर कोड को स्कैन कर आवेदन प्रस्तुत करें या उचित मूल्य दुकान संचालक के टैबलेट / मोबाइल में इंस्टाल विभागीय एप्प के जरिए क्यूआर कोड स्कैन कराकर अथवा अपना राशनकार्ड नंबर तथा मोबाईल नंबर दर्ज कराकर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### 30 दिन में मिल जाएगा राशन कार्ड

नवीनीकरण के लिए आवेदन देने के 30 दिन के अंदर आवेदन प्रस्तुत करने के भीतर ग्राम पंचायत या नगरीय निकाय के माध्यम से सामान्य (एपीएल) कार्ड को छोड़कर शेष सभी कार्ड निःशुल्क दिया जाएगा और एपीएल कार्ड के लिए 10 रूपएं का शुल्क निर्धारित किया गया है। नया राशनकार्ड प्राप्त करते समय वर्तमान में हितग्राही के पास उपलब्ध पुराना राशनकार्ड समर्पित करना होगा।

# सामग्री खरीदी में हुए घोटाले की जांच की मांग को लेकर जनपद के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष करेंगे प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज. कांकेर/ दुर्गुकोंदल।** जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल में खनिज न्यास निधि से 2 करोड़ 1 लाख 22 हजार रुपए से सामग्री खरीदी में हुए घोटाले की जांच की मांग को लेकर जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद सदस्य के द्वारा 29 जनवरी सोमवार को धरना प्रदर्शन करने को लेकर ज्ञापन सौंपा है। कांग्रेस के शासन में हुए घोटाले को लेकर औचक जनप्रतिनिधि सामने आएं है, इसके पहले कभी भी इन घोटालों को संज्ञान में नहीं लाया गया था।

जनपद अध्यक्ष संतो दुग्गा, जनपद उपाध्यक्ष मनीषा मंडावी, जनपद सदस्य देवेन्द्र टेकाम, जोहन गावड़े, जनपद सदस्य राधा जैन, जनपद सदस्य लीला टांडिया ने बताया कि जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल में 1.40 करोड़ रूपए की घरेलू सामाग्री, 38.40लाख रूपए का सोलर एलईडी स्ट्रीट लाइट, 22.82 लाख रूपए का खेल सामग्री खरीदी किया है। सामाग्री खरीदी के लिए जनपद पंचायत के सामान्य सभा में कोई प्रस्ताव पारित नहीं किया गया है, फिर गुपचुप तरीके से कुल 2.1 करोड़ 22 हजार रूपए की सामाग्री किस तरह से खरीदी हुई है। 18 जनवरी को जिला कलेक्टर से मिलकर खनिज न्यास निधि से सामाग्री खरीदी के नाम हुई घोटाले की जांच की मांग किया गया था और सप्ताह भर के भीतर जांच नहीं होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दिया था। इस मामले की आज तक जांच शुरू नहीं होने पर यह निर्णय लिया गया है कि 29 जनवरी को धरना प्रदर्शन किया जाएगा।



### इन मामलों की जाँच की माँग किया गया था

सामाग्री खरीदी में निविदा नियमों का पालन नहीं किया गया है, एक निविदा भरे सप्लायर को वर्क आर्डर देकर सामाग्री सप्लाई मंगाई गई है, सामाग्री कम मंगाकर सिर्फ बिलिंग की गई है। एक से अधिक निविदा नहीं भरने की स्थिति में निविदा निरस्त किया जाना था, खेल सामग्री 22.82 लाख रूपए से खरीदी गई है, जिसे दो वर्ष बाद भी वितरण नहीं किया गया है। खेल सामाग्री घटिया स्तर की है। सोलर एलईडी स्ट्रीट लाइट 38.40 लाख रूपए से प्रति नग 60 हजार रुपए से खरीदी गई है, जो बाजार रेट से तीन गुना अधिक है।




मान्यता है कि इस दिन दान करने से कई गुना अधिक शुभ फलों की प्राप्ति

# पौष पूर्णिमा पर गुरु पुष्य योग समेत बन रहे हैं सात अद्भुत संयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

प्रत्येक माह शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि के अगले दिन पूर्णिमा मनाई जाती है। इस बार 25 जनवरी को पौष पूर्णिमा है। इस बार की पौष पूर्णिमा पर सात अद्भुत संयोग बन रहे है, इसलिए इस दिन का महत्व बढ़ गया है। पंचांग के अनुसार, पौष पूर्णिमा तिथि 24 जनवरी को रात 9 बजकर 49 मिनट पर शुरू होगी और अगले दिन यानी 25 जनवरी को देर रात 11 बजकर 23 मिनट पर समाप्त होगी। सनातन धर्म में उदया तिथि मान्य है, अतः 25 जनवरी को पौष पूर्णिमा ⏭ शेष पेज 12 पर

### पौष पूर्णिमा पर बन रहे यह शुभ योग




ज्योतिषियों की मानें तो पौष पूर्णिमा पर सबसे पहले प्रीति योग का निर्माण हो रहा है, इस योग का निर्माण सुबह 7 बजकर 32 मिनट से हो रहा है और अगले दिन यानी 26 जनवरी को 7 बजकर 42 मिनट पर समाप्त होगा। वहीं, सर्वार्थ सिद्धि योग दिन भर है। जबकि, रवि योग सुबह 07 बजकर 13 मिनट से लेकर 8 बजकर 16 मिनट तक है। पौष पूर्णिमा पर दुर्लभ गुरु पुष्य योग का निर्माण सुबह 08 बजकर 16 मिनट से होगा, जो अगले दिन 26 जनवरी को सुबह 07 बजकर 12 मिनट पर समाप्त होगा। इसी समय पर अमृत सिद्धि योग का भी निर्माण होगा, जो अगले दिन 26 जनवरी को सुबह 7 बजकर 12 मिनट तक है। इसके अलावा, पौष पूर्णिमा पर बव करण का निर्माण 11 बजकर 23 मिनट तक हो रहा है, इसके बाद बालव करण को योग बनेगा।

## पाठक सूचना

कांकेर जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**7000955574, 9098324969**

## खबर संक्षेप

### रिसेवाड़ा में कल लगेगा देवमेला

**बनसागर।** विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम रिसेवाडा मे वार्षिक देवी मेला मड़ाई महोत्सव का आयोजन 25 जनवरी दिन गुरुवार को एकदिवसीय आयोजन किया गया है। ग्राम पंचायत रिसेवाडा के सरपंच बबीता कोडोपी, उपसरपंच सुरेश पटेल, ग्राम ठाकुर खमन मंडावी, देव पुजारी किशोर मंडावी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक देवी मेला मड़ाई महोत्सव का आयोजन किया गया है, जिसमें आसपास के गाँव बनसागर, भैसमुंडी एवं अन्य गाँव के देवी देवता गायता, पटेल, पुजारी,डाग, डोली, ग्रामीण, महिला पुरुष शामिल होंगे। इसी दिन रात 9 बजे से भूपेंद्र साहू कृत रंग सरोवर लोक कला मंच ग्राम बारूका जिला गरियाबंद का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### झिटकाटोला में शारीरिक बौद्धिक व सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित



**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत झिटकाटोला के हाईस्कूल, माध्यमिक विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय के शारीरिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक दो दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सरपंच धनसिंह ध्रुव, अध्यक्षता झाड़ू राम भूरखुरिया, विशेष अतिथि कृष्ण कुमार मानकर, नसीब बढ़ई, प्राचार्य हिरामन नाग, शिक्षक कुबेर सिंह गोयल, शिक्षक योगेश्वर सिन्हा, वार्ड पंच, स्कूल के छात्राएं, शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### रमेश नेताम निर्विरोध चुने गए सचिव संघ के जिलाध्यक्ष

**फरसगांव / केशकाल।** पूरे प्रदेश भर में हर तीन वर्ष में पंचायत सचिवों का चुनाव होता है, जिसके अंतर्गत सचिवों का चुनाव होने के साथ ही जिला अध्यक्ष भी चुना जाता है। 23 जनवरी को केशकाल जनपद पंचायत के सभा कक्ष में सचिवों का चुनाव हुआ, जहां केशकाल ब्लाक अध्यक्ष रमेश नेताम को सर्वसम्मति से कोंडागांव जिला अध्यक्ष चुना गया, जिसके बाद सभी ने मिल कर पुष्प गुच्छा पहनकर बधाई दिए। इस दौरान सचिव संघ के निर्वाचन अधिकारी संभुराम साहू ने बताया कि प्रदेश सचिव संघ के निर्देशानुसार मंगलवार कोंडागांव जिला का भी चुनाव शांति पूर्ण संपन्न हुआ।

## मतदान कराने को लेकर तैयारी, दिया गया प्रशिक्षण

# लोक सभा चुनावों की तैयारियां हुई शुरू कलेक्टर ने सेक्टर अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में जिले के सभी मतदान केंद्रों में आगामी लोकसभा निर्वाचन में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित कराने के लिये सेक्टर अधिकारियों की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में संवेदनशील केन्द्रों की पहचान एवं उनके मूल्यांकन कार्यों को अति महत्वपूर्ण बताते हुए इसके संबंध में जानकारी दी गयी। जिसमें उन्होंने कहा कि निर्वाचन पूर्व तैयारियों से आपका कार्य निर्वाचन के दिवस में आसान हो जाएगा। इसके लिए प्रशासनिक सेक्टर अधिकारियों एवं पुलिस सेक्टर अधिकारियों को मतदान केन्द्रों के लिए रूट निर्धारित कर तथा मतदान केन्द्रों में पहुंच उनका जायजा लेना होगा। ताकि उन क्षेत्र में होने वाली दिक्कतों का वे आंकलन कर उसका निराकरण कर सकें। सभी सेक्टर अधिकारियों को चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मापदंड के आधार पर क्षेत्र की संवेदनशीलता की जांच के लिए निर्देश दिये गये। जिसमें क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव, राजनीतिक तनाव, पूर्व में हुए जघन्य अपराध, पूर्व मतदानों में कम मतदान प्रतिशत, महिला एवं विशेष जाति के लोगों में मतदान न करने के लिए किसी प्रकार के दबाव, पूर्व निर्वाचन में प्रभावित होने आदि बिन्दुओं के आधार पर संवेदनशीलता का निर्धारण करने को कहा गया।

### शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, निर्विघ्न कराया जायेगा मतदान

कलेक्टर ने सभी सेक्टर अधिकारियों को अपने क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में मतदान दलों के लिए सभी सुविधाओं को सुनिश्चित करते हुए ऐसे केन्द्र जहां आवश्यकता है। वहां की जानकारी देकर व्यवस्था सुनिश्चित करने को निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी अधिकारियों को मतदान कार्यों में सतर्कता बरतने के लिए निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं सफलता पूर्वक निष्पादित कराना हमारा दायित्व है। ऐसे में सभी को समन्वय के साथ कार्य करने की आवश्यकता है।

### मौजूद रहे ये

इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर मनोज केसरिया, मास्टर ट्रेनर शशिभूषण कन्नौजे, वेणु गोपाल राव सहित सभी पुलिस एवं प्रशासनिक सेक्टर अधिकारी उपस्थित रहे।

### विशेष ग्राम सभाओं द्वारा ग्रामीणों को यातायात नियमों के संबंध में दी जाए जानकारीः कलेक्टर



मंगलवार को जिला कार्यालय सभा कक्ष में कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कलेक्टर ने शहर के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग में लाइटों तथा सडकों की मरम्मत की आवश्यकता में बल देते हुए इस पर तुरंत कार्यवाही करते हुए सुधार के लिये निर्देश दिए। राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उन्होंने कैट आई, रिफ्लेक्टर, डेलिनेटर तथा डिवाइडरों के कोनों पर क्रैश बैरियर लगाने को कहा। जिला मुख्यालय में डिवाइडर पर लगाए गए पौधों पर लगातार पानी डालने तथा शहर में धूल ना उड़े इसके लिए सड़क के दोनों ओर जमीं धूल को साफ करवाने एवं नियमित रूप से पानी डालने को कहा। पुलिस अधीक्षक द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर कैट आई की कमी एवं कुछ कैट आई के खराब होने पर चिंता व्यक्त करते हुए तुरंत सभी खराब कैट आई का सुधार करने तथा सभी आवश्यकता वाले स्थालों पर रोप बैरियर, डेलिनेटर तथा ब्लिंकर लगाने निर्देशित किया। कलेक्टर द्वारा सडकों पर साइन बोर्ड लगाने एवं राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवारा पशुओं को सडकों से दूर रखने हेतु संबंधित ग्राम पंचायत के माध्यम से आवारा पशुओं को सड़कों से हटाने के लिये निर्देशित किया। लोगों को ट्रैफिक नियमों के संबंध में जागरूक करने के लिए कलेक्टर ने ग्राम पंचायत के माध्यम से लोगों को शिविर लगाकर सूचित करने तथा आगामी ग्राम सभा में ट्रैफिक नियमों कि ग्रामीणों को जानकारी देने के लिये निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी एजेंसियों एवं सडक निर्माण एजेंसियो को संयुक्त रूप से सडकों का निरीक्षण कर आपसी समन्वयं द्वारा सडकों को सुरक्षित बनाने तथा दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिए। इस बैठक में डीएफओ एन गुरुनाथन, रमेश जांगड़े, अपर कलेक्टर चित्रकान्त चार्ली ठाकुर, जिला परिवहन अधिकारी गौरव साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कोण्डागांव पुलिस को मिली बड़ी सफलता

### मर्दापाल क्षेत्र के दो नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज, जगदलपुर सुन्दरराज पी. व पुलिस उप महानिरीक्षक उत्तर बस्तर रेंज, कांकेर बालाजी राव सोमावार के कुशल मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार के प्रभावी रणनीति तथा उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स सतीश भार्गव के पर्यवेक्षण में लगातार नक्सल विरोधी अभियान संचालित किये जा रहे हैं। समय–समय पर सुरक्षा बलों द्वारा नक्सल प्रभावित ग्रामों में सिविक एक्शन कार्यक्रम चलाए जा कर शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रदाय सुविधाएं व लाभ की जानकारी बैनर पोस्ट पाम्पलेट आदि के माध्यम से अवगत कराया जा रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप नक्सलियों द्वारा स्वयं आगे बढ़ कर शासन के आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति का लाभ लेने के लिए पुलिस अधीक्षक के समक्ष समाज की मुख्यधारा में जुड़कर जीवन यापन करने के लिए आत्मसमर्पण कर रहे हैं। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोण्डागांव में मर्दापाल क्षेत्र के सक्रिय नक्सली सदस्य पूर्व बेड़मा जनताना सरकार सदस्य सोनू उर्फ घसिया कश्यप पिता रामधर (35), जाति मुरिया निवासी हांदापाल थाना मर्दापाल व पूर्व जनमिलिशिया सदस्य घिना पिता समरथ (30), जाति रावत निवासी ग्राम कुदूर, राउतपारा थाना मर्दापाल कोण्डागांव द्वारा आत्मसमर्पण किया गया है। जिन्हे तत्काल प्रोत्साहन राशि 25–25 हजार रूपये प्रदाय किया गया। इसके अतिरिक्त शासन की पुनर्वास नीति के तहत अन्य सुविधाये प्रदाय के लिए वरिष्ठ कार्यालय की ओर पत्र व्यवहार किया गया है।

**मौजूद रहे ये :** इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स सतीश भार्गव, नक्सल सेल प्रभारी भुनेश्वर नाग एवं थाना प्रभारी मर्दापाल रमन उसेण्डी एवं अन्य अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्राण प्रतिष्ठा के लिए प्रधानमंत्री का आभारः नीलकंठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग के द्वारा ब्लाक मुख्यालय केशकाल में शिवमन्दिर प्रांगण बाजार पारा सुरड़ोगर में आयोजित किया गया। जहां प्रारंभ मे पूजन अर्चन कर मंगलाचरण के लिए शिव भोले बाल बालिका मण्डली को आमंत्रित किया गया। इसी बीच देश के प्रधानमंत्री के कर कमलों से भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाइव प्रसारण मानस मंच से किया गया। जिसे उपस्थित जन प्रतिनिधि व जन समूह ने देखा। जैसे ही रामलला के दर्शन हुए पूरा सदन जयश्री राम के नारे से गूज उठा। सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक चलने वाले मानस गान में रामभक्त मानस मंडली आवरी, सरस्वती बालिका मानस मंडली पीपरा, श्रीराम मानस प्रचार समिति डिहीपारा केशकाल, शीतला मानस मंडली धनोरा, मां शारदा मानस मंडली बोरगांव मानस मंडली की शानदार प्रस्तुति करण हुई। समापन की बेला मे केशकाल विधानसभा के



विधायक नीलकंठ टेकाम का पहली बार मानस मंच पर आगमन अवसर पर भव्य स्वागत अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज अयोध्या ही बल्कि सम्पूर्ण विश्व राममय बन चुका है। आज हमे गर्व है कि हम अयोध्या जाकर प्रभु श्रीराम के दर्शन कर सकेंगे। उन्होने इस महान ऐतिहासिक दिव्य कार्य को पूर्ण करने के लिए प्रधानमंत्री का हृदय से समस्त जनता की ओर से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष रोशन जमीर, उपाध्यक्ष बिहारी लाल शोरी, पूर्व अध्यक्ष आकाश मेहता, वरिष्ठ समाज सेवी कृष्ण दत्त उपाध्याय, मनसुख लाल भूरट, बलराम गौर, राम सेवक वेदव्यास, पूर्व पार्षद भूपेश चंद्राकर, पार्षद अनिल उसेंडी, हेमन्त बाधे, पंकज नाग, समापन टोली शारदा मानस परिवार बोरगांव की बिदाई विधायक ने अपने कर कमलों से की। तथा कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित जन समुदाय , बच्चो से भी मुलाकात की। पाचो मंडलियो ने अपनी अपनी प्रस्तुति बडी शानदार दी ,जिसे उपस्थित राम भक्तो ने सराहा।सम्पूर्ण आयोजन अनुविभागीय अधिकारी अनिकेत साहू के मार्गदर्शन मे तहसीलदार आशुतोष शर्मा, रामेश्वर महापात्र मु कार्य पालन अधिकारी, सु श्री हंसा ठाकुर, सी एल मंडावी ख शि अ एव प्रकाश साहू बी आर सी के विशेष सहयोग से सम्पन्न हुआ, कार्यक्रम स्थल पर भंडारा प्रह्लाद साहू , मुन्ना चौधरी व मोहल्ले की सभी माताओं का विशेष योगदान रहा।

## टलनार धान खरीदी केन्द्र में कोचिया खपा रहा था अवैध धान

**जगदलपुर।** टलनार धान खरीदी केन्द्र में अवैध रूप से धान खपा रहे कोचिए का 104 क्विंटल धान



तहसीलदार बकावण्ड द्वारा जब्त किया गया है। देर शाम टलनार पहुंची प्रशासनिक टीम ने मौके से 260 बोरा धान जब्त किया है। बकावंड तहसीलदार जॉली जेम्स ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि अवैध धान को बेचे जाने धान खरीदी केन्द्र टलनार में लाए जाने की सूचना मिली थी, जिसके बाद मामले की जानकारी जिला विपणन अधिकारी देने के बाद मौके पर पहुंचकर जब्ती कार्रवाई की गई। कोचिया धनुर्जय बघेल पिता मनबोध बघेल निवासी बेलगांव द्वारा 260 कट्टा धान लाया गया था, जिसे तहसीलदार जॉली जेम्स व डीएमओ राजेन्द्र धुरव ने बताया कि मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए टीम द्वारा धान जब्त किया गया। तहसीलदार ने बताया कि अवैध धान खपाए जाने की सूचना मिली थी, जिसके बाद जब्ती की कार्रवाई की गई है।

## अवैध रेत परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

रेत का अवैध खनन कर परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर ट्रालियों को जब्त किया गया है। रेत के अवैध खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने के साथ ही माफियाओं पर सख्ती से नकेल कसने के लिए तहसीलदार सुरेंद्र उर्वशा ने यह कार्यवाही किया है। ट्रैक्टर चालक से जब पूछताछ की गई तो वैध दस्तावेज न होना पाया गया। जिसके बाद ट्रैक्टर ट्राली को थाना लाकर खनिज अधिनियम की धारा के तहत मामला दर्ज करते हुए पुलिस अभिरक्षा में रखा एवं मामले को जांच में लेते हुए खनिज विभाग को पत्र लिखकर अवगत कराया गया है।

आपको बता दें कि भानुप्रतापपुर क्षेत्र में नदियों का दोहन करना कोई नया काम नहीं है, यह काफी लंबे समय से चला आ रहा है, जब जी चाहे, जितना चाहे वे नदी से बगैर परमिशन (रेत) उठाकर ले जाता है। पांढरपूरी में बहने वाली खण्डी नदी में ट्रैक्टर सुबह से लेकर शाम तक रेत ढोने का काम कर रहे हैं। इसी तरह संबलपुर के चवेला में बड़ी संख्या में ट्रैक्टरों से रेत ढोने का कार्य किया जा रहा है। खण्डी नदी एवं चीजगांव क्षेत्र एवं रानवही से रोजना रेत निकाली जा रही है।

मंगलवार को तहसीलदार को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने तत्काल गम्भीरता से लेते हुए टीम के साथ पांढरपूरी में स्थित नदी में पहुँचे। यहां पर कई ट्रैक्टर वाले भागने में सफल हो गए। मौके पर दो ट्रैक्टर चालक को पकड़ा गया। पूछताछ में किसी प्रकार के कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर कार्रवाई किया गया। तहसीलदार सुरेन्द्र उर्वशा ने बताया यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## कोण्डागांव पुलिस ने बरामद किया 10 किलो का कुकर आईईडी बम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली कि नक्सलियों ने संघन वन क्षेत्र के मार्ग में पुलिस व आमजन के साथ बडी बारदात करने के मकसद से एक आईईडी बम प्लांट किया है। जिसे मौका देख कर घटना को अंजाम दिया जायेगा। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल सक्रिय हुयी और बम को बरामद करने की प्रक्रिया आरम्भ की गयी। प्रातः करीबन 09:00 बजे ग्राम बयानार से जतरबेडा जाने वाली कच्ची सड़क में आईईडी लगे होने की सूचना पर पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक दौलतराम पोर्ते, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सतीष भार्गव के पर्यवेक्षण में बीडीएस.टीम कोण्डागांव के द्वारा जतरबेडा मार्ग का सघन सर्चिंग की गयी। इस सर्चिंग करने के दौरान पहाड़ी के किनारे कच्ची सडक पर 01 आईईडी वजन लगभग 10 किलो को बीडीएस टीम कोंडागांव द्वारा बरामद किया गया।



### बम को किया डिफ्यूज पूरा जंगल धुंआ से भर गया

पुलिस ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि आईईडी को अज्ञात माओवादियों द्वारा पुलिस बल व आम जनता को नुकसान पहुंचाने के नीयत से लगाया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए उक्त आईईडी बम को मौके पर बीडीएस टीम कोण्डागांव द्वारा निष्क्रिय किया गया, जिस समय उक्त आईईडी बम निष्क्रिय किया गया, जोरदार धमाके साथ पूरा जंगल धुआ से भर गया। उक्त कार्यवाही में थाना बयानार पुलिस, बीडीएस कोण्डागांव एवं डीआरजी बयानार टीम का विशेष योगदान रहा।

**2 लाख 14 हजार से अधिक लोग हो चुके हैं शामिल**

## जिले में अब तक 336 ग्राम पंचायतों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



भारत सरकार के जनजातीय कार्य विभाग की संयुक्त सचिव तथा वित्तीय सलाहकार श्रीमती यतीन्द्र प्रसाद ने मंगलवार को कोंडागांव जिले में संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के संचालन की समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने बताया कि जिले में अब तक 336 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्र पहुंच चुकी है तथा इनमें 2 लाख 14 हजार से अधिक लोग शामिल हो चुके हैं। उन्होंने इस दौरान आयोजित किए गए स्वास्थ्य शिविर, टीबी जांच, सिकलसेल जांच, सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, महिला, विद्यार्थी, खिलाड़ी और कलाकारों के सम्मान, प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों से बातचीत, ड्रोन प्रदर्शन सहित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। कलेक्टर श्री दुदावत ने इस दौरान बताया कि जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने और सिकलसेल जांच का कार्य वृहद तौर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस माह के अंत तक सभी हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य लेकर महाअभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी के साथ ही अब पंचायत सचिव और रोजगार सहायकों को भी आईडी उपलब्ध कराए गए हैं। वहीं अब तक 55 हजार से अधिक लोगों का सिकलसेल जांच किया गया है। जिसमें अब तक 694 लोगों में सिकलसेल पाया गया है।

### गांव गांव में मिलेगा हर घर सहज जल

जिले में जल जीवन मिशन के तहत कायोंर् की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि इस माह के अंत तक 50 गांवों में हर घर सहज जल उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही फरवरी माह में और 50 गांवों में हर घर सहज जल उपलब्ध कराने का लक्ष्य लेकर कार्य किया जा रहा है। जिले के सभी किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने के लिए भी कार्ययोजना के साथ कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही जिले में 20 हजार से अधिक आवासों के स्वीकृति की संभावना को देखते हुए भी हितग्राहियों से आवेदन लेकर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। जिले में लोगों के कल्याण के लिए किए जा रहे जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना करते हुए लक्ष्यों को शीघ्र प्राप्त करने की आशा व्यक्त की। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा सहित जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### कोचिए से अंग्रेजी शराब की गई बरामद

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत कनेचूर तिराहा के पास बयानार निवासी 55 वर्षीय सामसाय पुरामे पिता लक्ष्मण पुरामे द्वारा अवैध शराब बेचने की जानकारी मुखबिर से पुलिस को मिला था। मिली जानकारी कि तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने रेड कार्रवाई की। 22 जनवरी को शाम साढ़े 4 बजे आरोपी के कब्जे से 2 नग बियर, 23 नग गोवा स्पेशल विस्की कुल कीमती 3 हजार 180 रूपएं व नगद 450 रूपएं को जप्त कर आबकारी एक्ट की धारा 34 (2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## पेज 11 के शेष

### गोपी दो दिन गोली...

सरकार बनने के बाद सरे आम पिटाई कर दिया था। रंजिश रखने वाली इस टीम ने रिपुन से कहा कि किसी को ढूढ़ो जो खर्चा आएगा, उसके मरने के बाद मछली मारकर पैसा दे देंगे। रिपुन ने नीलरतन से संपर्क कर हत्या करने की बात कही। नीलरतन ने कहा कि मेरे मौसी का लड़का विकास तालुकदार है, वो इस काम को कर सकता है और उससे बात भी किया, उसने कहा देखते है। नीलरतन ने इस पूरी बात को अपने जिगरी दोस्त नया बाजार पखांजुर निवासी सोमेंद्र मंडल को बताया। सूत्रों की मानें तो नया बाजार पखांजुर निवासी सोमेंद्र मंडल का मेडिकल स्टोर अस्पताल के पास है और नगर पंचायत अध्यक्ष का खास है। नगर पंचायत अध्यक्ष सदैव इसी के मेडिकल स्टोर में आकर बैठते थे। सोमेंद्र मंडल ने नीलरतन की पूरी बात को नगर पंचायत अध्यक्ष को बताया तो नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि पार्षद विकासपाल को भाजपा के जिला उपाध्यक्ष ने बहुत परेशान कर दिया है और लाज टूटने से डरा हुआ है, वो तो इसके लिए पाँच लाख तुरंत दे देगा। विकासपाल को बुलाकर पूरी बात बताया गया और हत्या करने का मामला 7 लाख में तय हो गया। विकासपाल ने सात लाख रूपएं दिया गया। सबसे पहले पिस्टल खरीदने के लिए पुराने मित्र उत्तर प्रदेश के मुजफरनगर निवासी विक्रम यादव उर्फ सेल्फी से पिस्टल की बात किया। उसने बताया कि दंतेवाड़ा में सोनू साहू है, उससे मिल जाएगी। नीलरतन ने सोनू साहू के खाते में 50 हजार आनलाइन ट्रांसफर किया और 31 दिसंबर को नकदी 75 हजार रुपए देकर पिस्टल लेकर पखांजुर आ गए। पेड़ में एक गोली चलाकर पिस्टल की टेस्टिंग किया और गोपी दास ने उसी दिन पिस्टल को लोड करते हुए चलाते हुए एक रील बनाकर अपने मोबाइल में रख लिया था और अपने साथियों को भी दिखाया था।

### जिले के 1.87 लाख राशन...

के लिए उपलब्ध हो जाएगी। उचित मूल्य दुकान संचालक द्वारा उसके दुकान से संलग्न राशनकार्डो का नवीनीकरण के लिए उल्लेखित प्रक्रिया का पालन कर ऑनलाइन तथा ऑफलाइन मोड में किया जा सकेगा। आवेदन के लिए पात्रता का आधार राशनकार्ड में शामिल कम से कम एक सदस्य का ई-केवायसी पूर्ण हो। अत्याधिक वृद्ध तथा शारीरिक रूप से निःशक्त ऐसे हितग्राही जिनके लिए नॉमिनी नियुक्त हैं, उन्हें उपरोक्त प्रावधान से छूट होगी।

### पौष पूर्णिमा पर गुरु...

मनाई जाएगी। हिंदू पंचांग में पूर्णिमा को सबसे अहम तिथि माना जाता है। पूर्णिमा तिथि हर माह शुक्ल पक्ष के आखिरी दिन में आती हैं और हर माह को कृष्णपक्ष और शुक्ल पक्ष में बांटा गया है, जो 15-15 दिनों के अंतराल में आते हैं। कृष्ण पक्ष का आखिरी दिन अमावस्या होता है, जबकि शुक्ल पक्ष का आखिरी दिन पूर्णिमा होता है। पूर्णिमा पर चंद्रमा अपने पूरे आकार में होता है और हर महीने दो चंद्र नक्षत्रों के बीच के विभाजन को चिन्हित करने वाले दिन को पूर्णिमा कहते हैं। पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा का विधान है और इस दिन को अलग-अलग जगहों पर तरह-तरह के नामों से जाना जाता है, जैसे पौर्णिमी और पूर्णमासी। पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान का खासा महत्व है, इसके साथ ही इस दिन मां लक्ष्मी और चंद्रदेव की पूजा का भी विधान है। मान्यता है कि इस दिन दान करने से कई गुना अधिक शुभ फलों की प्राप्ति होती है।

# डाक सामुदायिक विकास कार्यक्रम पलारी में संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



वित्तीय समावेशन के उद्देश्य से भारतीय डाक विभाग द्वारा ग्राम पलारी में 23 जनवरी मंगलवार को डाक सामुदायिक विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य रूप से आरपी वर्मा अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग, सुभाष भुआर्य उपसंभागीय निरीक्षक कोंडागांव प्रीतम गुप्ता मैनेजर आईपीपीबी, शिवलाल मंडावी जनपद अध्यक्ष कोंडागांव, प्रमिला मंडावी सरपंच ग्राम पंचायत पलारी तथा पंचगण एवं ग्राम की जनप्रतिनिधि ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर व माल्यर्पण कर एवं राष्ट्रगान कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई, तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत वंदन किया गया। इस अवसर पर उप संभागीय निरीक्षक आरएस मिश्रा द्वारा डाकघर के जनकल्याणकारी योजनाओं एवं वित्तीय समावेशन को विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने बताया डाकघर की योजना प्रत्येक वर्ग के हित के लिए बनाया गया है, जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, सक्षम वर्ग तथा अधिक सम्पन्न इस प्रकार अपनी यथाशक्ति निवेश करने की आदत डालने पर जोर दिया। जनप्रतिनिधियों ने भी डाकघर की छोटी–छोटी बचत योजनाओं को जाना एवं समझा, एवं



हर घर मे डाकघर का एक खाता खुलवाने की बात कही। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों को अधीक्षक के द्वारा विभागीय कलेंडर भेट की गई। इस मौके पर ग्रामीण डाक जीवन बीमा, डाकघर बचत बैंक, आईपीपीबी के उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्रामीण डाक सेवकों को सम्मानित किया गया।

### खोले गए 200 से अधिक बचत खाते

आज के डाक सामुदायिक विकास कार्यक्रम में कुल 4 करोड़ 10 लाख का ग्रामीण डाक जीवन बीमा, 1 करोड़ 10 लाख का पीएलआई, 200 से अधिक बचत खाते, आईपीपीबी के 75 खाते खोले गए। बाल आधार नामांकन व मोबाइल नम्बर अपडेशन के 55 कार्य हुए।

### सक्रिय भूमिका में रहे ये

कार्यक्रम को सफल बनाने में डाक अधिदर्शक हरेन्द्र यादव, देव कुमार कौशल, सन्दीप राव, अनिल दीवान, दिनेश वटी, भरत साहू, रामलाल पटेल, ओमनारायण साहू, युगल किशोर, राजेश, हरेन्द्र ठाकुर, बुधराम साहू, बालमुकुंद बंजारे, पीयूष सिन्हा, अंजलि बर्मन, पूजा सोरी सहित ग्रामीण डाक सेवको का विशेष सहयोग रहा।

### नईम खान व चेतना सहित डेढ़ दर्जन का हुआ सम्मान

बानोथ रविंद्र पोस्टमास्टर कुसमा, नईम खान, चेतमन मरकाम, विदोष दीवान गिरोला, प्रीतम बाकडे, अनिल दीवान, डिकेश मिर्झा, शंकर लाल दीवान, सूर्य प्रसाद दीवान, मोनिका पटेल, निशा यादव , घस्सू यादव, सुनीत कुमार सन्नी, नेहा मिश्रा, नरसिंग प्रजापति, सियाराम सोरी, सुधांशु, को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### सुर रत्न ग्रुप के वार्षिकोत्सव में गुंजे देश भक्ति गीत



**जगदलपुर।** सुर रत्न ग्रुप ने तीसरा वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया, शुरुआत देशभक्ति गीतों से हुई और भगवान राम के भजन के बाद फिल्मी गीत गाए गए। इस दौरान यूपीएससी में सफल दो होनहार छात्र आकाश राव और नीलोफर खान को सम्मानित किया गया। अमर वाटिका में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता श्रीनिवास राव मद्दी रहे अध्यक्षता दीप्ति पांडे ने की। अध्यक्ष आर.के नायडू ने कहा सुर रत्न ग्रुप का निर्माण इसलिए किया गया है कि यहां गीत गाने वाले लोगों को मौका दिया जा सके। उनके टैलेंट को निखारने का पूरा प्रयास करते हैं। टैलेंट शो में पूरे बस्तर संभाग के बच्चों को आमंत्रित किया गया था उनमें से अच्छे और मधुर गीत गाने वालों के बीच कंपटीशन कराया गया। इसके अलावा समय-समय पर विभिन्न आयोजनों के माध्यम से गीत संगीत में रुचि रखने वाले लोगों को मौका दिया जाता है। कार्यक्रम में सीएसपी सहित नगर निरीक्षक और अतिथियों ने देश भक्ति और फिल्मी गीतों की प्रस्तुतियां दी।

### जीत हो या हार खिलाड़ियों के लिए खेल भावना जरूरी



**जगदलपुर।** महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानकी विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित क्रांतिकारी डेबरीधुर उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, जगदलपुर में डॉ. अमित दीक्षित अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं डॉ. जीपी नाग अधिष्ठाता के संयुक्त अध्यक्षता में अंतर क्षेत्रीय विश्वविद्यालय स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता-2024 का सफलतापूर्वक समापन कराये गये। डॉ.दीक्षित ने अपने उद्बोधन में पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट तिथि के समक्ष रखते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ के चार अलग-अलग क्षेत्र, दक्षिण क्षेत्रीय, उत्तरी क्षेत्रीय, पूर्वी क्षेत्रीय एवं पश्चिमी क्षेत्रीय टीम ने भाग लिया जिसमें 160 प्रतिभागियों ने लगभग 36 प्रकार के अलग-अलग खेलों में अपना हुनर प्रदर्शन मेजबानी कर रहे दक्षिण क्षेत्रीय यानी क्रांतिकारी डेबरिधुर शासकीय उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, जगदलपुर में पूरा कार्यक्रम तीन दिनों तक लगातार कराया गया तथा उद्बोधन के अंत में सभी प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए बताया कि खेल हमारे शारीरिक एवं बौद्धिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है हमें पढ़ाई करने के साथ-साथ खेल में भी भाग लेनी चाहिए। डॉ. नाग अधिष्ठाता, शासकीय उद्यानिकी महाविद्यालय, जगदलपुर ने पूर्व में दिलाए खेल भावना की शपथ को याद दिलाते हुए सभी विद्यार्थियों/प्रतिभागियों को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बहुत-बहुत बधाई देते हुए कहा कि आप सभी ने खेल भावना को प्रदर्शित किया कोई हारा तो कोई जीता लेकिन आप सभी ने हम सब का दिल जीत लिया।

### हसदेव के जंगलों की कटाई व बच्ची की मौत पर समाज आक्रोशित

# सर्व आदिवासी समाज के आहवान पर जिले की व्यवसायिक नगरी रही बंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

बस्तर संभाग के सर्व आदिवासी समाज के आव्हान पर 23 जनवरी को एक दिवसीय बस्तर बंद का निर्णय लिया गया था। जिस पर बस्तर चेंबर आफ कामर्स ने अपना नैतिक समर्थन दिया। जिसके बाद जिले की व्यवसायिक नगरी बंद रही। गौरतलब है कि सरगुजा के हसदेव के जंगलों में लाखों पेड़ों की कटाई कर दी गई।

- व्यापारियों ने अपने संस्थान बंद रखकर दिया समर्थन

हसदेव के जंगलों को छत्तीसगढ़ का फेफड़ा कहा जाता है, जिसके विरोध में बंद का आह्वान किया गया था। वहीं बीते दिनों बीजापुर क्षेत्र में गोलीबारी में 6 माह की बच्ची की मौत हो गई व उसकी माता घायल हो गई। जिसके बाद पीड़ित परिवार व ग्रामवासियों ने घटना को लेकर आक्रोश जताया। घटना को लेकर सभी ने घोर निन्दा करते हुए दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है। व्यापारियों ने अपने संस्थान बंद रखकर समर्थन दिया है।

### बंद का दिखा असर, सभी प्रतिष्ठानें रही बंद



**लोहंडीगुड़ा।** सर्व आदिवासी समाज बस्तर संभाग द्वारा 23 जनवरी को बंद के आह्वान पर सर्व आदिवासी समाज विकास खण्ड इकाई लोहंडीगुड़ा द्वारा विकास खण्ड लोहंडीगुड़ा में सभी प्रतिष्ठानों को बंद कराया गया। विदित हो कि बीजापुर जिले के गंगालूर तहसील अंतर्गत बुर्जी पंचायत के मुदवेंदी गांव में बीते 1 जनवरी को सुरक्षा बलों द्वारा 6 महीने के मासूम की गोली मार कर हत्या की गई है। इस घटना में मृतक मंगली सोड़ी की माता के बाए हाथ के दो उंगलियों में चोट आई है और उसके माता पिता को मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में नजर बंद किया गया था, तथा सरगुजा संभाग के हसदेव जंगल को शासन-प्रशासन के द्वारा बल पूर्वक कटवाया जा रहा है। जिसके विरोध में सर्व आदिवासी समाज ने बंद का आह्वान किया था। घटना की सर्व आदिवासी समाज विकासखण्ड लोहण्डीगुड़ा ने घोर निन्दा की है तथा घटना की न्यायिक जांच और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग करते हुए एक दिवसीय लोहण्डीगुड़ा बंद का आव्हान सफल रहा। इस बंद का आपातकालीन सेवाओं में कोई असर नही था।

## 192 ग्रामीणों ने लिया योगाभ्यास का लाभ





हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

छग शासन एवं संचालक आयुष एवं बस्तर जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ जगनू राम नेताम के मार्गदर्शन में विकास खंड बस्तर के ग्राम चपका में आज से 5 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल होकर योगाभ्यास का लाभ ले रहे है।

चपका सरपंच जोगीराम ने भगवान धन्वंतरि के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर योग प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। योग प्रशिक्षक विजय देवांगन ने योग करवाया। डॉ हेमंत यादव ने योग के फायदे एवं उनसे प्रत्येक रोग के अनुसार योग को बताया। इस अवसर पर 11 मितानीन प्रशिक्षक बीसी थमेश्वरी, एमटी सोमारी, मीना पटेल, गेंदों बघेल, मीना, इंद्रमणी ठाकुर, जमुना कश्यप, इंदु चदेल, वामदेव, नीलकंठ यादव, विद्या एवं 161 मितानिनों ने योग प्रशिक्षण में भाग लिया। अस्पताल स्टाफ में घनश्याम, फगनू राम समेत अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे। प्रथम दिवस 192 ग्रामीणों ने योगाभ्यास का लाभ लिया।

## शिव मंदिर में 1111 दीप प्रज्ज्वलित



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

नगर के पुराना बस स्टैंड स्थित आशुतोष शिव मंदिर में समिति द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोग शामिल हुए।

सुंदरकांड की समाप्ति के पश्चात अयोध्या धाम से श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा का लाइव दर्शन कराया गया। कार्यक्रम के बाद समिति द्वारा भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वहीं शाम के समय मंदिर में 1111 दीप प्रज्वलित किए गए। जिसमें आशुतोष शिव मंदिर सेवा समिति के सभी सदस्य, महिलाएं व सर्व समाज के सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर अपनी सहभागिता निभाई।

## लौह नगरी में श्रीराम कथा से पूरा नगर हुआ राममय

हरिभूमि न्यूज ⏭ किरंदुल

लोहनगरी किरंदुल में श्रीराम जन्मभूमि, अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर के भूतल स्थित गर्भ गृह में मर्यादा पुरषोत्तम भगवान

- घरों में दीपावली जैसा दीप जलाकर मनाई खुशी

श्रीरामचंद्र जी के बाल रूप नूतन विग्रह को विराजित एवम प्राण प्रतिष्ठित के उपलक्ष में नगर परिवार की सुख समृद्धि मंगलकामनाएं हेतु श्री राम कथा एवम भजन संध्या का आयोजन किया गया अंतराष्टीय




कथा वाचिका देवी ऋचा मिश्रा द्वारा किया गया इस अवसर पर राघव मंदिर सचिव ए के सिंह ने कहा इस आयोजन से पूरा किरंदुल शहर श्री राम मय हो गया रामलाल के स्वागत में राघव मंदिर में एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक पदनाथ नाइक, उप महाप्रबंधक कार्मिक बि के माधव द्वारा मर्यादित पुरुषोत्तम राम चंद्र के समस्त दीप प्रचलन पूजन एवं आरती के पश्चात देवी ऋचा मिश्रा द्वारा भजन करते हुए मेरी झोपड़ी के भाग्य खुल ही गए राम आए हैं राम आए हैं एवं सजा दो घर को गुलशन सा अवध में राम आए हैं राम आए हैं जैसे भजनों की अनुपम प्रस्तुति करते हुए भगवान राम की कथा का अमृतवाणी से वर्षा करते हुए कार्य कर्म में उन्होंने नैतिक शिक्षा देते हुए गाय माता के संरक्षण एवं उनके रखरखाव पर जोर दिया श्री राघव मंदिर में भक्तो की अत्यधिक अधिक संख्या से मेले जैसा नजारा हो गया आज किरंदुल अयोध्या जैसा लग रहा हे पूरे नगर में लोग अपने घरों में दीपावली जैसा दिया जलाकर खुशी मना रहे है।

## भाजपाइयों ने दो मिनट का मौन रखकर दी लक्ष्मी नारायण देव को श्रंद्धाजलि





हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव के पिता स्व. लक्ष्मी नारायण देव को भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने श्रंद्धाजलि अर्पित की। मंगलवार को जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा हुई। पूर्व सांसद दिनेश कश्यप व जिला उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला व दुखः की घड़ी में शोकाकुल देव परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। श्रंद्धाजलि सभा में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना की गयी व तैल चित्र में श्रद्धा सुमन अर्पित किये गए। इस दौरान विद्याशरण तिवारी, सुधीर पाण्डेय, योगेन्द्र पाण्डेय, श्रीधर ओझा, संतोष बघेल, रामाश्रय सिंह, वेदप्रकाश पाण्डेय, संजय पाण्डेय, नरसिंह राव, अश्विन सरडे, आलोक अवस्थी, राजेन्द्र बाजपेयी, सतीश सेठिया, आर्येन्द्र सिंह आर्य, राजेन्द्र बाजपेयी, मनोहर तिवारी, सुधा मिश्रा, अविनाश श्रीवास्तव, बी जयराम समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# अयोध्या में प्रभु श्रीराम के विराजमान होने पर पांच जोड़ों का धूमधाम से हुआ विवाह

**पंचायत ने की पहल, वर वधु को शादी का जोड़ा व अन्य सामान दिया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बकावंड/नगरनार



अयोध्या में प्रभु श्रीराम के विराजमान होने के उपलक्ष्य में बकावण्ड ब्लाक के टलनार पंचायत द्वारा गांव के ही पांच जोड़ों का धूमधाम से विवाह कराया गया। इस ऐतिहासिक विवाह को देखने पूरा गांव एकत्रित था जो विवाह के साक्षी बनते हुए वर वधु को आशीर्वाद व अपनी सामर्थ्य अनुसार उपहार दिया।

जानकारी के मुताबिक हमारा संकल्प विकसित भारत अभियान को चरितार्थ करते हुए गांव के ही

- पूरा गांव बना विवाह का साक्षी, वर वधु का दिया आशीर्वाद

पांच जोड़ों का विवाह कार्यक्रम टलनार पंचायत द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप जो विवाह समारोह में शिरकत कर विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। गांव के पुजारी व अन्य अतिथियों की मौजूदगी में विवाह समारोह सम्पन्न किया गया। पंचायत की पहल पर गांव के ही अर्जुन संग कुमारी, त्रिनाथ संग सुकरी, रायसिंह संग गलेश्वरी, बलराम संग रायबाली व सुखनाथ संग देवकी का विवाह धूमधाम से किया गया। पंचायत द्वारा विवाह



समारोह में पूरे गांव को आमत्रिंत किया गया था जिन्होंने विवाह में शिरकत कर वर वधू का आशीर्वाद व उपहार दिया और भोज में शामिल हुए। पंचायत की ओर से वर वधु के लिए विवाह का जोड़ा व अन्य गृहस्थी के सामान की व्यवस्था की गई थी। वहीं ग्रामीणों ने भी बढ़ चढ़कर पांचों जोड़ो को उपहार देकर उनके खुशहाल जिंदगी की कामना की। विवाह समारोह के दौरान वनवासी मौर्य, वेदप्रकाश पाण्डे, कपिल पार्डे, महेश कश्यप, दामुधर बघेल, पुरूषोतम जोशी, बृजलाल सेठिया, तुलाराम भारती, सरपंच श्रीमती गुप्ती कश्यप, उप सरपंच तेनसिंह सेठिया, सचिव भोलाराम बघेल, गंगाराम कश्यप, नरसिंह पुजारी, अनमत भारती, कमलसिंह सिन्हा, शातिनाग, मायवती, कमलबती, हरिनाथ बघेल, उदय नारायण, पुजारी मानकराम झाली, रनसाय, जयराम सेठिया, जीतू, ललीता, भागेश्वरी, रत्ना, नवीना के अलावा गांव के प्रमुख व स्कूल के शिक्षक भी मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मनीराम कश्यप ने कहा नव विवाहितों को दांपत्य जीवन में सबंधों की प्रगाढ़ता, आपसी प्रेम व खुशी के साथ वैवाहिक जीवन बिताने व आप सभी के जीवन में सुख शातिं हमेशा बने रहने आशीर्वाद दिया।

## पराक्रम दिवस पर याद किए गए नेताजी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय दंतेवाड़ा में 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 127वीं जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। प्राचार्य सुनील गुप्ता एवं सभी अध्यापकों ने नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें स्मरण किया। हिन्दी शिक्षक राकेश शर्मा ने नेताजी के योगदान के बारे में बताया। संगीत शिक्षक टीएस कड़ियाम के निर्देशन में बच्चों ने देश भक्ति गीत की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर केन्द्रीय विद्यालय दंतेवाड़ा, केन्द्रीय विद्यालय बचेली, जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर, आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय समेत जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## गुड सेमेरिटन के प्रति छात्रों को दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

भारत सरकार नई दिल्ली के आदेशानुसार पूरे भारत वर्ष में प्रतिवर्ष सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जाता है। जिसके

- यातायात नियमों के प्रति एनसीसी, स्काऊट गाईड को किया जागरूक

अनुसार इस वर्ष भी 15 जनवरी से 15 फरवरी तक 34वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरके बर्मन के निर्देश व उप पुलिस अधीक्षक केके चन्द्राकर के नेतृत्व में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा माह 2024 के तहत यातायात पुलिस के द्वारा लगातार यातायात नियमों के प्रति जागरूकता के साथ ही यातायात नियमों के पालन हेतु प्रचार-प्रसार व समझाईश कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में आज जिले के एनसीसी कैडेट स्काउड गाईड को हाई स्कूल परेड ग्राउंड में यातायात स्लोगन, यातायात के दौरान सामान्य कर्तव्यों के बारे में बताते हुये, सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई। दो पहिया वाहन चलाने के दौरान हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहन चालन के दौरान सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाने कहा गया।

इस दौरान यातायात प्रभारी सुशील नौटियाल ने छात्रों को गुड सेमेरिटन के बारे में बताते हुये कहा कि सड़क पर किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर हमें, हमेशा उनका सहयोग कर तत्काल इस की सूचना देनी चाहिये। ताकि समय रहते घायल की जान बचाई जा सके। क्योंकि इस प्रकार की दुर्घटना किसी भी व्यक्ति के साथ घटित हो सकती है। इस मौके पर यातायात शाखा के सउनि जितेन्द्र त्रिपाठी, अन्य बल समेत बड़ी संख्या में एनसीसी स्काउड गाईड मौजूद रहे।

### दीपोत्सव कार्यक्रम में योगदान देने वालों को दिए गए प्रमाण पत्र

**जगदलपुर।** कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि दलपत सागर में एक दीया प्रभु श्रीराम के नाम दीपोत्सव कार्यक्रम का बहुत कम समय में गणमान्य नागरिक, विभिन्न समुदायों के साथ और सहयोग से एक बहुत आयोजन किया गया। जगदलपुर ने पुरा उत्साह के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया। हमने दो लाख तीस हजार दीया जलाने का लक्ष्य रखा किंतु यह संख्या तीन लाख तक पहुंच गया इसमें सभी की सहभागिता थी।



कार्यक्रम में निगम के नेता प्रतिपक्ष संजय पाण्डेय, जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने कहा कि एक दीया प्रभु श्रीराम के नाम दीपोत्सव कार्यक्रम को सफल आयोजन करने के लिए जगदलपुर के सभी गणमान्य नागरिकों का अपूर्व सहयोग रहा इसके लिए निगम और जिला प्रशासन की ओर से आभार।

## ढोल नगाड़ों के साथ निकली कलश यात्रा



**जगदलपुर।** जनपद पंचायत दरभा मुख्यालय में भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार को दुर्गा सिद्ध शक्तिपीठ में हवन पूजन के बाद भंडारा का आयोजन किया। इस दौरान कलश यात्रा ढोल नगाड़ों के साथ निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में महिला, पुरूष, युवक, युवतियां शामिल हुए।

# रकबा समर्पण के मामले में कांकेर जिला राज्य में है अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में दिए अधिकारियों को निर्देश

साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर अभिजीत सिंह ने निर्धारित समय में निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्राप्त प्रकरण पूर्ण रूप से निराकृत तभी माना जाएगा, जब तक कि उसका वास्तविक निराकरण न हो जाए। कलेक्टर ने विभागवार लंबित प्रकरण की समीक्षा करते हुए समय-सीमा में निबटारा करने के लिए जिला स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने जिले में धान खरीदी और रकबा समर्पण की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि ऐसे किसान जो स्वयं के रकबे में उत्पादित धान बेच चुके हैं, उनका रकबा समर्पण के लिए समिति प्रबंधकों को तत्काल निर्देशित करें। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को भी इस पर निगाह रखने और पटवारियों से संबंधित जानकारी मंगाने के निर्देश दिए। खाद्य अधिकारी ने बताया कि रकबा समर्पण के मामले में जिले के 30 हजार 852 किसानों के द्वारा 11 हजार 577 हेक्टेयर रकबे का समर्पण किया जा चुका है, जो पूरे राज्य में प्रथम है। इसी तरह प्रदेश सरकार द्वारा खरीफ वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 की प्रोत्साहन राशि के लंबित भुगतान की जानकारी कलेक्टर ने ली। इस पर खाद्य अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2014-15 में 42 हजार 807 किसानों को 54.61 करोड़ रूपए की राशि प्रदान की जानी थी, जिनमें से 36 हजार 985 किसानों को 46.96 करोड़ रूपए की राशि प्रदाय की गई है, जबकि 5 हजार 822 किसानों को 7 करोड़ 65 लाख रूपए की राशि का भुगतान शेष है। इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2015-16 में 33 हजार 748 किसानों को 39.97 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान किया जाना था, जिसमें से 29 हजार 706 किसानों को 35.03 करोड़ रूपए उनके बैंक खातों में अंतरित किए जा चुके हैं, जबकि 4 हजार 42 किसानों को 4 करोड़ 94 लाख रूपए की राशि का भुगतान किया जाना शेष है। बैठक में कलेक्टर ने जिला अस्पताल एवं अधीनस्थ स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। इसी तरह उन्होंने पिछली समय-सीमा की बैठक में लंबित प्रकरणों पर हुई कार्यवाही की जानकारी विभागवार ली। इस दौरान वन विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, खनिज, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य, विद्युत, स्कूल शिक्षा, नगरीय निकाय, आदिवासी विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों में लंबित मामलों की प्रकरणवार जानकारी ली और उनका गुणवत्तापूर्वक निराकरण के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए।



इस अवसर पर अपर कलेक्टर एस अहिरवार, बीएस उईके, जिला पंचायत के सीईओ सुमित अग्रवाल, सहायक कलेक्टर प्रखर चंद्राकर सहित सभी अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी व जिला स्तर के विभागीय अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### साहू समाज ने हलवा प्रसादी का किया गया वितरण



चारामा। सर्व हिंदू समाज में 22 जनवरी को सुबह से ही हर्ष और उल्लास का माहौल रहा। सुबह से ही मंदिरों में पूजा अर्चना कर कलश यात्रा, शोभायात्रा, बाइक रैली व अतिसबाजी कर पूरा चारामा अयोध्या धाम की तरह सज गया व राम मय हो गया। सर्व हिंदू समाज ने शिरकत करते हुए सबके कल्याण की भावना व सनातन धर्म का झंडा पूरे विश्व में फहरे इस भाव के साथ जगह-जगह रामायण पाठ कराया। इसी के साथ में तहसील साहू समाज चारामा द्वारा हलवा प्रसादी का वितरण थाना के सामने स्टॉल लगाकर किया गया। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष जितेंद्र साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष गौरी शंकर साहू, धन्नू साहू, उत्तम साहू, धर्मेंद्र साहू, रूपराम साहू, बृजलाल साहू, हरिराम साहू, सियाराम साहू, बोधन साहू, परमेश साहू, प्रेम साहू, जसवंत साहू, शंकर साहू, जोहन साहू, रवि साहू, राहुल साहू, जय किशन साहू, भूषण, जितेंद्र गुप्ता व अन्य लोग उपस्थित रहे।

### अवैध शराब के साथ 14 सौ नकद बरामद

भानुप्रतापपुर। पुलिस ने कन्हारगांव में संत राम निषाद के कब्जे से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 1400 रुपए बरामद किया है। आरोपी के विरुद्ध 34(2)आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब का गोरखधंधा जोरों पर है, जगह-जगह ग्रामीणों को शराब बनाते हुए भी देखा जा सकता है। इन ग्रामीण क्षेत्रों में महुए की शराब बेहद प्रचलित भी है, और आसानी से मिलने वाली चीज भी, जिससे इसे शराब बनाने में सबसे उपयुक्त समझा जाता है।

### कोचिये के घर से अंग्रेजी शराब जब्त

कांकेर। बांदे थानांतर्गत डेमपारा निवासी बाबलू मृधा पिता नगेन मृधा के घर पुलिस ने 22 जनवरी को शाम सवा 4 बजे रेड कार्रवाई कर भारी मात्रा में अवैध शराब को जब्त किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी अपने बाउण्ड्री के सामने अवैध रूप से पैसा कमाने के लिए 3 नग पार्टी स्पेशल अंग्रेजी पौवा, 18 नग गोवा स्पेशल पौवा, 3 नग बीयर कुल 3 हजार 690 रुपए को जब्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### पखांजूर में आज नहीं होगा ऑनलाइन रोजगार पंजीयन

कांकेर। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कांकेर द्वारा प्रति माह 24 तारीख को तहसील कार्यालय पखांजूर में अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा ऑनलाइन रोजगार पंजीयन एवं नवीनीकरण का कार्य किया जाता था, परंतु एनआईसी रायपुर द्वारा सॉफ्टवेयर अपडेट का कार्य चल रहा है। नवीनीकरण एवं पंजीयन अपडेट का कार्य नहीं हो पा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि पंजीयन के लिए नया सॉफ्टवेयर अपडेट किया गया है, जिसमें अधिकारी के हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है। आवेदक वेबसाइट में ऑनलाइन पंजीयन घर बैठे मोबाइल, लोक सेवा केन्द्र एवं च्वाईस सेंटर से किया जा सकता है। इस माह की 24 जनवरी को पखांजुर में पंजीयन नहीं होगा।

## आयोजन : शोभायात्रा निकालकर किया गया भ्रमण

# श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर गांव हुए राममय, हवन पूजन कर निकाली राम दरबार की झांकी, लगाए जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

■ हजारों दीपक जलाकर मनाया गया दीपोत्सव

अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ग्राम सेलेगांव भी राममय हो गया। भव्य कलश शोभायात्रा निकालकर पूरे मोहल्ले का भ्रमण किया गया। तत्पश्चात पूजन हवन पंडित के मंत्रोच्चार से किया गया। ग्राम के सरपंच प्रदीप ठाकुर, पटेल संजय तिवारी, उपसरपंच बोधन साहू एवं गणमान्य नागरिक गंगऊ पटेल, बंशी साहू,फागु साहू,रामा साहू,प्रेम भुआर्य, कृष्ण कुमार शुक्ला, सुदामा पटेल, रघुवर साहु,उदय सिन्हा, अशोक सिन्हा, अरुण बघेल, पृथ्वीराज साहू, सुरजोतिन देहारी, यशोदा साहू, वर्षा तिवारी एवं समस्त ग्रामवासी ने प्राण प्रतिष्ठा के बाद दीपोत्सव मनाया।

इस अवसर पर ग्राम नारायणपुर के शीतला माता मंदिर से ग्रामीणों ने पूजा अर्चना कर श्रीराम की शोभा यात्रा निकाली। भ्रमण के दौरान महिलाओं ने भजन गाया एवं श्री राम का जयकारा लगाए। इस अवसर पर ग्राम प्रमुख माखन पटेल, भीषम पटेल,वरुण खापर्डे,सरपंच दयाबत्ती दुग्गा भेनू दुग्गा,शिशुपाल पटेल,विनोद पटेल,गुलशन पटेल,चंपा लाल पटेल,खेमराज दुग्गा,पांचलाल पटेल,प्रतिमा पटेल,निर्मला पटेल, जेठी देहरी,रवि पटेल,कुलेश्वरी पटेल,देवेंद्र पटेल,यतींद्र गोस्वामी,भारी मात्रा में ग्रामीण उपस्थित रहे।





### 15000 दीपक प्रज्वलित कर मना दीपोत्सव

भानुप्रतापपुर के हाईस्कूल मैदान में 21 हजार दिए जलाया गया। आयोध्या में स्थित भव्य मंदिर में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को यादगार बनाने यह पहल किया गया। बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों एवं रामभक्त हाईस्कूल मैदान पहुँचकर इसकी गवाही बने।



### राजा गणेश उत्सव समिति ने भी किया प्रसाद वितरण

प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा स्थापित होने के अवसर नगर के युवाओं द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। जिसमे मुख्य रूप से राकेश वाधवानी , शुभम ठाकुर , अभिषेक मेश्राम,अमन बल,परविंदर धालीवाल,सचिन पांडे ,आकाश यदु, विक्की जैन दीपक शांडिल्य,नवनीत ठाकुर ,नवीन जैन,उमंग जैन,संजय चंद्रौल व युवा समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### श्रीराम दरबार की झांकी निकली

विकासखंड भानुप्रतापपुर अंतर्गत ग्राम मालापारा में श्रीराम दरबार की झांकी के साथ शोभायात्रा निकाल कर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का त्योहार मनाया गया। शोभायात्रा का शुभारंभ माँ शीतला मंदिर प्रांगण में ग्राम गायता के प्रतिनिधि मानक लाल गावड़े व ग्रामवासियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया। शोभायात्रा के दौरान घर घर से पूजा की थाली लेकर श्री राम दरबार के भेष किया गया।

# दुर्गुकोंदल मुख्यालय सहित ग्राम पंचायतों में धूमधाम से मना रामोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

। दुर्गुकोंदल ब्लॉक मुख्यालय के शिव मंदिर प्रांगण दुर्गा मंच में अयोध्या में आयोजित भगवान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव कार्यक्रम को बड़े ही हर्ष के साथ जनपद अध्यक्ष संतो दुग्गा के मुख्य अतिथि में मनाया गया। छत्तीसगढ़ शासन योजना के अंतर्गत जनपद स्तरीय कार्यक्रम संगीतमय मानसगान कार्यक्रम में पांच मानस मण्डलीयों ने प्रस्तुति दिया, जिन्हें शासन के द्वारा 5000-5000 रुपए की राशि अतिथियों के द्वारा प्रदान किया गया।

दुर्गुकोंदल ब्लॉक मुख्यालय के साथ विभिन्न ग्राम पंचायतों में भी रामोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत तरहुल में भव्य झांकी निकाली गई और रामकथा का पाठ किया गया। उसके साथ ग्राम पंचायत लोहत्तर, हाटकोंदल, बरहेली, राउरवाही, बांगाचार सुखई कोदपाखा, मेड़ो, गुमड़ीडीही, करीमाड़, गोंडपाल ग्राम पंचायत में रामोत्सव कार्यक्रम को रामकथा सुनते हुए संध्या की बेला में दीप दान के पश्चात रात्रिकालीन रामायण का आयोजन के माध्यम से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जनप्रतिनिधियो ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में शकुंतला नरेटी जिला उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा, विजय पटेल सांसद प्रतिनिधि, राधा जैन, जोहन गावड़े सभापति जनपद पंचायत, अशोक जैन जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, फूलसिंह मंडावी महामंत्री, अखिलेश बघेल जिलाध्यक्ष, गौतम देहारी जिला उपाध्यक्ष, विकास राजु नायक जिला सचिव छत्तीसगढ़ राज्य मानस संघठन, बिदेसिंह कल्लो सरपंच ग्रामपंचायत मर्रामपानी, पार्वती सोरी सरपंच, मनोज ध्रुव, नीलम उइके मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सहित जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बारदाना के अभाव में हाटकोदल लैंपस में खरीदी हो रही प्रभावित



दुर्गुकोंदल। विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत हाटकोदल में खरीफ फसल विवरण वर्ष 2023.24 धान खरीदी समर्थन मूल्य पर 1 नवंबर 2023 से प्रारंभ है। वर्तमान में खरीदी चल रही है जिसके तहत बारदाना के अभाव में किसान भटक रहे हैं। किसान कमल सिंह कोसमा, पुनीत नरेटी, ईश्वर कचलाम, अघनूराम उयके, श्याम सिंह गोयल, मोहन नरेटी, किशोर सहारे, धनीराम कोला, दुखुरम कोराम, रतिराम यादव, मोहन कोवाची, जयपाल चनाप, सुरेंद्र पोटाई भंडारी, सूरज बघेल, बलराम कोसमा, नाथूराम मरकाम, बृजलाल कोसमा, कुंती बाई पिददा, गणेशाराम, अलानिया, बेनबाई रजक, नारायण सिंह बघेल, उत्तरा भास्कर, चरण सिंह यादव, राकेश सलाम, छन्नू पटेल, गायत्री बाई नायक ने बताया है कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ है जिसके तहत बारदाना नहीं मिल रहा है। ज्ञात हो की धान खरीदी केंद्र हाटकोदल में कुल 11 गांव की किसान धान बेचते हैं, जिसमें कुल पंजीकृत किसान 982 में से अभी तक 752 किसानों ने धान बेचा है वहीं अब तक 230 किसान बाकी रह गए हैं। धान खरीदी का समय 5 दिन शेष बच गया है किसानों ने बरदाना व्यवस्था करने की मांग की है। अगर बारदाना की व्यवस्था नहीं हुआ तो 24 जनवरी से धरना प्रदर्शन कर मांग करेंगे। हाटकोदल धान खरीदी केंद्र प्रभारी हेमलाल सलाम ने बताया है कि बारदाना की मांग पत्र डीएमओ कांकेर को अवगत करा दी गई है जल्दी बरादाना उपलब्ध होने की बात कही गई है।

# जयंती पर याद किए गए नेताजी सुभाषचंद्र बोस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

■ सेनानियों के योगदानों को वर्तमान में सबको बताने की जरूरत

■ कार्यक्रम में व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर डाला प्रकाश



बंग समुदाय की ओर से ब्लाक मुख्यालय में महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती धूमधाम से मनाई गई। नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अतिथियों ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने देश को आजाद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके द्वारा गठित आजाद हिद फौज से अंग्रेज शासक घबरा गए थे और अंततः आजादी मिली। उन्होंने नारा दिया था तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। यह नारा आज भी युवाओं में जोश भरता है।

जयंती कार्यक्रम का आयोजन नगर की सुभाषपारा वार्ड 11अंतर्गत अन्तागढ़ रोड स्थित सुभाषचंद्र बोस प्रतिमा स्थल में किया गया। सबसे पहले अतिथियों एवं लोगों के द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण श्रद्धांजलि दी। उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया। साथ में देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले महात्मा गांधी, भगत सिंह को भी याद किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी ने कहा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की देश के आजादी में महत्ती भूमिकी रही नेताजी सुभाष चंद्र बोस देश की आजादी के लिए आजाद हिंद फौज का गठन किया और लगातार संघर्ष करते रहे। बोस सहित देश की आजादी में अपनी योगदान देने वाले महापुरुषों, सेनानियों को हमेशा याद करना चाहिए। बोस और महात्मा गांधी की बीच मतभेद थे मनभेद नहीं था। दोनों का एक ही उद्देश्य था देश का आजादी। ऐसे महापुरुषों को युवाओं को जानना चाहिए। आजाद देश में हम हैं सेनानियों की योगदानों को वर्तमान में सबको बताने की जरूरत है।

पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने कहा कि समाज द्वारा प्रतिवर्ष गैर राजनीतिक रूप से यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। निश्चित रूप से यह सराहनीय है इतिहास में हजारों महापुरुष हुए जो अपनी योगदान देश की आजादी में दिए उन्हें में से सुभाष चंद्र बोस ने भी अपना संघर्ष किया और अपना भूमिका निभाया था। आजादी की लड़ाई में बंग समाज का भी कई ऐसे महापुरुष हुए जो अपने देश के लिए योगदान दिया। आरएसएस के भावेश साहू ने कहा 12 से 23 जनवरी तक युवा पखवाड़ा दिवस मनाया जाता है। आज सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मना रहे हैं। हमारे महापुरुषों को उनकी जीवनी को याद कर वर्तमान पीढ़ी को जानकारी देने की जरूरत है । स्थानीय सेनानियों को याद कर उनकी कार्यो को सभी जानकारी होना चाहिए। इससे प्रेरित होकर समाज में महापुरुष मिलेंगे। बंग समाज के वरिष्ठ मनोतोष दास ने नेताजी की जीवनी और कार्यों पर प्रकाश डाले। कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान, व्यवसायी अनंत गोपाल कोठारी, भाजयुमों के जिला अध्यक्ष राजा पांडे, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश तिवारी, समाज के शिप्रा शील ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र सिंह ठाकुर, बंग समाज के अध्यक्ष किशोर मिस्त्री ने आभार व्यक्त ने किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पार्षद जया विजय धामेचा, मोहन हार्दवानी, कमलेश गावड़े, पार्षद भगवान सिंह कुंजाम, राजिंदर रंधावा, रूपेंद्र मरकाम, नरेंद्र कुलदीप, भगवती गजेंद्र, किरण डोंगरे, सीमा सेनगुप्ता, मिलन साहू, विजय धामेचा,कि गजानंद डड़सेना सहित बड़ी संख्या में समुदाय व अन्य लोग उपस्थित थे।

# चारामा में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हुआ मानस गान



चारामा। श्रीराम प्राण प्रतिष्ठान के अवसर पर विकासखण्ड चारामा के अंतर्गत 22 जनवरी को जनपद स्तरीय रामोत्सव का आयोजन ग्राम दरगहन में किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने कलश शोभायात्रा निकालकर व भगवान श्रीराम जी के छायाचित्र की विधि विधान के साथ पंडित के द्वारा मंत्रों उच्चारण व आरती कर शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष अरुण मरकाम ने कहा कि जीवन में राम नाम ही सार है। अयोध्या में श्रीराम जी के प्राण प्रतिष्ठा हम सब भारतवासियों के लिए गौरव की बात है, जिसके हम सब साक्षी बने हैं। मानस मंडली की प्रस्तुति में रिद्धि सिद्धि मानस परिवार दरगहन, पुष्प स्वारागिनी मानस परिवार झिपाटोला, पुष्प ऊं शिव मानस परिवार दरगहन, पुष्प राम रस मानस परिवार फरसगांव, पुष्प सूर्य दल मानस परिवार माहुद, पुष्प धरती वंदन धेनु मानस परिवार कोटेला, पुष्प जय मां मनकेसरी महिला मानस परिवार टहांकापार ने भाग लिया। कार्यक्रम के सांध्यकालीन समय पर दीपदान व महाआरती किया गया। इस अवसर पर गजेन्द्र नाग, रमेश पटेल, नर्मला नेताम, बिसमती नरेटी, प्रेमलता, सुखदेवे, एसडीएम राकेश कुमार गोलछा, नरेंद्र कोड़ोपी, डोमार साहू, गजेन्द्र नाग, खोरबाहरा पटेल, पुरूषोत्तम सोनवंशी, भीखम अग्रवार, रूद्रप्रताप सेन व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## स्कूल मैदान में चल रही तीन दिनों से धेनुमानस गोकथा

# जीवन में किए सुकृत कार्य कभी भी निष्फल नहीं होते, समय पर आ जाते हैं सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

■ आने वाली पीढ़ी को अपनी संस्कृति गौ व गंगा से जोड़ें : गोपाल मणि

स्कूल मैदान भानुप्रतापपुर में विगत तीन दिवस से चल रही धेनुमानस गोकथा में उत्तराखंड हिमालय से आए गोपाल मणि महाराज ने कहा मनुष्य जो जीवन में सुकृत करता है वो कभी भी निष्फल नहीं जाता। समय आने पर मनुष्य के शुभ काम सामने आते हैं इसलिए जीवन में हमेशा शुभ कार्य करने का प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य बहुत भाग्यशाली है जो उसे कलयुग में जन्म मिला है। इस कलि काल में जो व्यक्ति गौमाता की प्रतिष्ठा में लगा हुआ है, उससे बड़ा भाग्यशाली व्यक्ति कोई भी नहीं है। अगर इस कलि काल में व्यक्ति गौमाता को पशु बोलेगा तो उसका जीवन भी पशुता जैसा बन जाएगा। अपनी आने वाली पीढ़ी को अपनी संस्कृति गौ और गंगा से जोड़ो। उन्हें सनातनी बनाओ क्योंकि अगर आने वाली पीढ़ी सनातनी नहीं बनेगी तो हमारा भविष्य ख़राब हो जाएगा। अगर आने वाली पीढ़ी शराबी या जुआरी होगी तो वो कभी भी अपने पितरों और अपने धर्म की इज्जत नहीं करेगी। अपनी पीढ़ी को सनातनी ज्ञान अवश्य देना चाहिए। आने वाले भविष्य के लिए सनातन संस्कार प्राप्त करना बहुत जरूरी है क्योंकि अपना भविष्य बचाना मनुष्य के हाथ में ही होता है।

जब मनुष्य का मन साफ होगा तभी गोविन्द मिलेंगे। तन और मन को शुद्ध करने वाली केवल और केवल गौमाता ही है। जो मां अपने बच्चे को जहरीला दूध यानी थैली का दूध पिलाती है वह शत्रु है। उसको शस्त्रों में पूतना नाम दिया है इसलिए हर मां को अपने बच्चे को अपना दूध या फिर देशी गाय माता का ही दूध पिलाना चाहिए। इंसान की मां और गौमाता दोनों ही एक ही समय में बच्चे को 9 माह में ही जन्म देती है। इसलिए मां और गौ माता की बराबरी की गई है। आज कथा में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से स्वामी नरेंद्र महाराज,सिद्ध बाबा बालकनाथ छतरपुर दिल्ली से साध्वी राजेश्वरी देवा, उत्तराखंड जगन्नाथ पीठ के आचार्य राकेश सेमवाल ,ईश्वर साहू,श्रीमती रेखा शुक्ला, कांति मानक यादव,वीरेंद्र सिंह ठाकुर आदि शामिल हुए।



### मन की शुद्धि के लिए पीएं दूध

*पूज्य महाराज ने प्रवचन में कहा की आज के व्यक्ति की इन्द्रियां अपने वश में नहीं है। इंद्रियां तो बहुत बड़ी चीज है उसका मन और ह्रदय भी अपने वश में नही है इन सबका मूल कारण दूध है। बोलचाल की भाषा में बोला भी जाता है जैसा पियोगे दूध वैसे बनेगी बुद्धि। बुद्धि की शुद्धि मन ही करता है और मन को शुद्ध करने के लिए गौमाता का ही दूध चाहिए। भगवान को छल और कपट बिलकुल पसंद नहीं है लेकिन भगवान को वो मनुष्य बहुत प्रिय होते हैं*

